
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 12 • • अंक 146 • • 31 जुलाई, 2017 • • मूल्य : 20/- •

परमपूज्य गुरुवर,
जब आप हमारी शंकाएं दूर करते हैं,
तब आप शंकर लगते हैं
जब मोह दूर करते हैं,
तब आप मोहन लगते हैं
जब विष दूर करते हैं,
तब आप विष्णु लगते हैं
जब भ्रम दूर करते हैं,
तब आप ब्रह्मा लगते हैं
जब दुर्गति दूर करते हैं,
तब आप दुर्गा लगते हैं
जब गुरूर दूर करते हैं,
तब आप गुरुजी लगते हैं
इसलिए तो कहा है...



गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः
गुरु साक्षात परंब्रह्मः तस्मै श्रीगुरुवे नमः

# गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर संत रामप्रसाद जी महाराज का किया बहुमान




गुरु पूर्णिमा महापर्व पर बड़ा राम द्वारा के गादिपति परम आदरणीय संत की रामप्रसाद जी महाराज के श्री चरणो मे सादर प्रणाम ।

आज के पावन अवसर पर संतश्री का सानिध्य आदरणीय श्री नरपत कच्छवाहा (भारत सेवा संस्थान), श्री किशोर सिंह सांखला (जोधपुर भवन धर्मशाला), श्री धर्मेन्द्र सांखला एवं श्री पंकज सांखला एवं अन्य गणमान्य समाज बंधुओ के साथ मिला। माली सैनी संदेश परिवार की ओर से संतश्री रामप्रसाद जी महाराज का बहुमान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

'गुरुपूर्णमाँ= जो पूर्ण रूप से माँ है वो है गुरु हाँ बंधुओं गुरुजी का जीवन में बहुत महत्त्व है किसी ने सत्य कहा है जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं होने को बहुत छोटी लाईन है लेकिन जीवन की सच्चाई है गुरुजी में ही सब रिश्ते समाहित है गुरु ही माता है गुरु ही पिता है गुरु ही मित्र है गुरु ही भाई है।

आप सभी को और आपके समस्त परिवार को इस पावन पर्व गुरुपूर्णिमा पर हार्दिक बधाई और मंगलमय शुभकामनायें। राम जी राम






## संत श्री रामप्रसाद जी महाराज के अमरनाथ यात्रा पूर्ण कर आने स्वागत में उमड़ा जोधपुर




जोधपुर में गुरू पुर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम मे बालिकाओं ने की पुष्पाजंलि



जसनगर में गुरू पुर्णिमा पर आयोजित शोभायात्रा में गैर नृत्य

**माली सैनी समाज के संपूर्ण समाचारों की जानकारी की एकमात्र ऑन लाईन ई पत्रिका अब आप कहीं भी पढ़ सकते है साथ ही वैवाहिक परिचय श्रृंखला में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवायें।**

**www.malisainisandesh.com**

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831 Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :12 ● अंक 146 ● 31 जुलाई, 2017 (संयुक्तांक) ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)


**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## समाज के आगामी मुख्य आयोजन

## राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि.)



### ओज से उजास की ओर

एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन



रविवार, दिनांक 13 अगस्त, 2017

समय प्रात : 9.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक

### दी अवध गार्डन

स्थान : आमेर दिल्ली बाईपास रोड़, नई माता मंदिर के सामने, जयपुर

फोन : 0291 - 2543905, 2545400

## माली संस्थान, जोधपुर

नैनूराम अचल स्मृति भवन, महामंदिर, मण्डोर रोड़, जोधपुर

### छात्रवृति हेतु सूचना

माली संस्थान जोधपुर द्वारा छात्रवृति 2017 के लिए इच्छुक निर्धारित योग्यताधारी अभ्यार्थियों से ऑलाईन आवेदन पत्रआमंत्रित किये जाते है।

1. मेघावी छात्र-छात्राओं का जिनका चयन ITI, CPMT, IIM, NLU, AIEEE अथवा RPMT समकक्ष संस्थान में हुआ है।
2. मेघावी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने दसवीं एवं बाहरवीं में 80% या अधिक तथा उच्च शिक्षा इंजीनियरिंग, मेडिकल/आयुर्वेदिक में 65% या अधिक अंक प्राप्त किये हो।
3. गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थी व जिनके माता पिता या संरक्षक आयकरदाता नहीं हो तथा चयन समिति द्वारा आर्थिक स्थिति का आंकलन कर उन्हें छात्रवृति देना प्रस्तावित है।( आवेदन पत्र में संलग्न प्रारूप के अनुसार )
4. ऑनलाईन आवेदन स्वय के स्तर पर वेबसाईट www.sainimalisamaj.com पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 30 जुलाई से 31 अगस्त, 2017 तक किया जा सकता है।
5. आवेदन जमा व प्राप्त करने का स्थल : श्रीमती सोनादेवी देवीलाल गहलोत, गुरूकुल छात्रावास, रामबाग, महामंदिर, जोधपुर

# समाज का इतिहास....

( समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी – पार्ट 5)

## माली जाति की उत्पति . .

इतिहासविद्
स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....



मनीष गहलोत

### परमार (पंवार)

परमार (पंवार) बौद्ध धर्म स्वीकार करने के पूर्व चन्द्रवंशी थे। उदयपुर, देलवाड़ा और अचलेश्वर आदि के परमार विषयक शिलालेखों से ज्ञात होता है कि परमारों की उत्पत्ति अग्नि से हुई लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्होंने अग्नि को साक्षी बनाकर अपना धर्म परिवर्तित किया था। परमारों का मूल स्थान आबू के आसपास था। ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर उनका राज्य उज्जैन से लगभग 70 मील दक्षिण में नर्मदा तक फैला हुआ था। पश्चिमी राजपूताना में ई. सन् 400 के लगभग नागवंशियों के राज्यों पर परमारों ने अधिकार किया था। इनका राज्य मध्यप्रदेश (मालवा), बागड़ प्रदेश, आबू प्रदेश, भीनमाल, जालोर व बाड़मेर क्षेत्र पर था।

परमार वंश का धरमीवराह किराडू का शासक था। उसके वंशज छहाड़ का पुत्र सांखला था। उसके वंशज सांखला कहलाये। सांखला के पुत्र वैरसी ने रूणेचा पर अधिकार किया था । उसके वंशज रूणेचा सांखला कहलाये। पंवारो के नख हैं- धोकरिया, सांखला, रूणेचा।

### चाहमान (चौहान)

चौहान सूर्यवंशी हैं । डॉ. दशरथ शर्मा ने चौहानों को वत्सगोत्री ब्राह्मण बतलाया है लेकिन डा. सत्यप्रकाश ने लिखा है कि उस समय क्षत्रिय भी अपने पुरोहित का गोत्र धारण कर लेते थे। अत: यह कहा जा सकता है कि चौहान भी ब्राह्मणों के वत्सगोत्र में रहे होंगे। क्षत्रियों में गुरूगोत्र और पुरोहित गोत्र अपनाने की परम्परा रही है। हरपालिया (बाड़मेर जिला) के वि.सं. 1346 के कीर्तिस्तम्भ अभिलेख के अनुसार चौहानवंश में विजयसिंह नामक राजा हुआ। वि.सं. 1377 के अचलेश्वर के शिलालेख में चौहान आसराज का सूर्यवंशी बतलाया गया है। जयानक के 'पृथ्वीराजविजय' में भी चौहानों को सूर्यवंशी रघु के कुल में बतलाया गया है। अत: कहा जा सकता है कि चौहान सूर्यवंशी हैं । बिजोलिया का शिलालेख इनका मूल स्थान को हिच्छत्रपुर(सांभर) बतलाया है तो 'पृथ्वीराज विजय' हम्मीर महाकाव्य सूरजनचरित्र आदि में इनका मूल स्थान पुष्कर उल्लिखित किया गया है।


चौहान वंश एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण तथा यशस्वी वंशों में से एक था। उत्तरी भारत में प्रतिहारों के साम्राज्य के पतन के पश्चात् चौहान वंश ही विशाल साम्राज्य की स्थापना कर प्रमुख शक्ति बन गया था। कुछ लेखकों के मत से चौहान शाकम्भरी सपादलक्ष प्रदेश में रहते थे, जिनके आधिपत्य में सवा लाख गाँव थे। यह क्षेत्र जांगल देश भी कहलाता था। इस वंश के वासुदेव ने ई.सन् 551 में सांभर में अपना राज्य स्थापित किया। इसी वंश के अजयराज (1105-1130) में अजमेर नगर बसाया। उसके पुत्र अर्णोराज (1130-1150) ने तुरूष्कों को अजमेर के निकट हराकर उस स्थान पर आनासागर नामक झील निर्माण किया। 'पृथ्वीराजविजय' में लिखा है कि 'यदि वह मुसलमानों को न हराता तो यहाँ के मन्दिरों का अस्तित्व ही मिट जाता।' इसी वंश के पृथ्वीराज तृतीय (1178-1192) ने 1191 में मुहम्मद गौरी को तराईन के युद्ध में बुरी तरह से हराया, लेकिन हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भागती मुस्लिम सेना का पीछा न कर उसे सुरक्षित स्थान पर जाने दिया। यह उदारता हिन्दू-स्वाधीनता के लिए दु:खदायी सिद्ध हुई । मुहम्मद गौरी ने 1192 में चुने हुए तुर्क, ताजिक तथा अफगान सवारों की सेना को अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित कर पृथ्वीराज की सेना को धोखा देकर रात्रि में अचानक आक्रमण कर हरा दिया और पृथ्वीराज को मौत के घाट उतार दिया।

क्रमश :........

### लिखमीदास जी की जयंती पर निकली शोभायात्रा में 100 से ज्यादा झांकियों से बताए उनके आदर्श

# माली समाज द्वारा संत श्री लिखमीदास जी महाराज की जंयती पर प्रथम आयोजित शोभायात्रा में उमड़ा समाज





जोधपुर। समरसता के प्रतीक और माली समाज के संत लिखमीदासजी महाराज की 267वीं जयंती पर शनिवार 8 जुलाई को जोधपुर में पहली बार निकाली गई शोभायात्रा ऐतिहासिक रही। शोभायात्रा के प्रति ऐसा उत्साह रहा कि 65 झांकियों की जगह इसमें 100 से ज्यादा झांकियां शामिल हुई और हजारों लोगों ने भागीदारी निभाई।

सुमेर स्कूल से प्रात: 11 बजे बड़े रामद्वारा के गादीपति संत श्री रामप्रसाद जी महाराज, विश्व प्रसिद्व श्री कृष्ण गोपाल गौशाला के संस्थापक महामण्डलेश्वर संत श्री कुशाल गिरी जी महाराज, चांदपोल रामद्वारा के संत श्री हरीराम जी महाराज ने गणेश भगवान एवं संत लिखमीदास जी महाराज की पूजा अर्चना की। इसके बाद पूर्व मंत्री व संत श्री लिखमीदास जी स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत, माली संस्थान अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, जोधपुर भवन हरिद्वार के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, भाजपा जोधपुर के युवा अध्यक्ष श्री महेन्द्र तंवर एवं राजसिकों के पूर्व चेयरमेन श्री सुनील परिहार सहित प्रबुद्वजनों ने हरी झण्डी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।

शोभायात्रा के आगे युवक दुपहिया वाहनों पर सफेद गणवेश में मारवाड़ी साफों के साथ कतारबद्व तरीके से भगवा झण्डियों के साथ चल रहे थे इसके बाद संतों की झांकियों के साथ ही समाज के प्रबुद्वजन व डीजे की धुनों पर चल रहे समाज के सभी वर्गों में गजब उत्साह था। साथ में देवी देवताओं व लिखमीदास जी महाराज के आदर्शो पर बनाई झांकियां चल रही थी। सुमेर स्कूल से रवाना हुई शोभायात्रा का महामंदिर व्यापार मण्डल ने स्वागत किया इसके पश्चात नागौरी गेट होते हुए शोभायात्रा शहर में पहुंची तो माली समाज के साथ ही विभिन्न समाज के लोगों ने जगह जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों का उत्साह वर्धन किया साथ ही शोभायात्रा में भाग ले रहे युवाओं को स्वागत किया। शोभायात्रा विजय चौक, जालोरियों का बास, नागौरिया का बास, उम्मेद चौक, माणक चौक, त्रिपोलिया सिरे बाजार होते हुए सोजती गेट पर जब पहुंची तो शोभायात्रा का अंतिम भाग करीब 3 किलोमीटर पीछे नागौरिया के बास में था। शोभायात्रा का कई जगह कोल्ड ड्रिक्स, आईसक्रीम, मावे की कचौरी, चाय, कॉफी, शीतल जल की

**माली समाज की एकता व भव्यता शोभायात्रा मे देख पूरे जोधपुर ने बिछाए पलक पावड़े। 'संत लिखमीदास जी महाराज की 267वीं जयंती पर समाज के सभी वर्गो ने जिस भव्यता, अनुशासन व मर्यादा मे रहकर इस शोभायात्रा को सफल बनाया उसके लिए सभी का आभार। प्रशासन ने भी शोभायात्रा में समाज की अनुशासन की भूरी भूरी प्रंशसा की, पूरे जोधपुर में प्रथम बार आयोजित शोभायात्रा में समाज की एकता को देख सर्व समाज रहा अंचभित। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से झाकियो द्वारा शोभायात्रा मे भाग लेने वाले बच्चो, युवाओ, समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ ही मातृशक्ति एवं बुजुर्गो का ह्रदय से अभिनंदन एवं धन्यवाद। इस शोभायात्रा का पूर्ण श्रेय समाज के युवा वर्ग को जाता है जिनके तीन वर्षो के अथक प्रयासों के बाद शोभायात्रा निकालने में सफलता मिली है।**



समुचित व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा यहां से नई सड़क, मोहनपुरा, पुलिस लाईन की ओर निकली तो यहां रातानाड़ा माली समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया तथा सभी को शीतल जल एवं कोल्ड ड्रिंक्स पिलाया गया। जैसे जैसे शोभायात्रा अपने पड़ाव माली समाज के रातानाड़ा सुभाष चौक स्थित श्री कृष्ण मंदिर की ओर बढ़ रही थी वैसे वैसे शोभायात्रा में लोगों का हजूम उमड़ रहा था। श्री कृष्ण मंदिर पर शोभायात्रा को मंदिर ट्रस्ट के द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ ही सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। यहां श्री कृष्ण मंदिर में दर्शन कर सभी श्रद्धालुओं अपने अपने गंत्वय पर रवाना हुए।

शोभायात्रा में विभिन्न क्षेत्रों व संस्थानों की ओर से झांकिये शामिल की गई। जिसमें कुटिया में रामचरित्र मानस लिखते गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज, छप्पन भोग, श्री कृष्ण की मनमोहक मोरपंखों से सजी झांकी, संत लिखमीदास जी महाराज के वेश में समाज के लोग, महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति की झांकी, पर्यावरण को बढ़ावा देने की झांकी, बाल हनुमान, बाबा रामदेव जी के रूप में सजे युवक पूरी शोभायात्रा में घोड़ें पर साथ ही अनेकों मनमोहक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

**शोभायात्रा में समाज के विभिन्न संगठनों की रही भागीदारी**

भव्य शोभायात्रा की सफलता के सूत्र बड़ा रामद्वारा के संत श्री रामप्रसाद जी महाराज रहे। इसके साथ ही नारायण सेवा समिति के मनोहर सिंह सांखला, भामाशाह श्री लक्ष्मण सिंह सांखला, जोधपुर भवन धर्मशाला, संत शिरोमणी लिखमीदाज जी स्मारक विकास संस्थान, लिखमीदास जी युवा संगठन, माली सैनी संदेश व समाज के विभिन्न क्षेत्रों सूरसागर, चांदपोल, खेमें का कुंआ, चौखा, गोलासनी, सलावास, झालामण्ड, मण्डोर, महामंदिर, रातानाड़ा, मगरा पूंजला, माता का थान, लाल सागर, तिवरी, पीपाड़ बालेसर, सहित अनेकों क्षेत्रों से समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों की अथक मेहनत से शोभायात्रा में झांकियों एवं अन्य व्यवस्था की संयुक्त रूप से व्यवस्था की गई थी समाज के प्रमुख व्यवसायियों ने भी शोभायात्रा में अपना सहयोग दिया जिसमें विशेष रूप से विनायक एडवरटांईजिंग कंपनी, के ताराचंद भाटी, क्लाकिस एडवरटाईजिंग कंपनी के श्री तेजसिंह गहलोत, उत्कर्ष संस्थान के निर्मल गहलोत, खुश्बु मिनरल वाटर के ओमप्रकाश सोलंकी का भी योगदान रहा। इसके साथ ही समाज के युवाओं का विशेष सहयोग शोभायात्रा में रहा जिसमें पंकज सांखला, वीरेन्द्र गहलोत, अरविंद परिहार, मनीष गहलोत, मनोहर सिंह परिहार, जुगल पंवार, जगदीश देवड़ा, छोटुसिंह गहलोत, किशोर सिंह सांखला, इंद्रसिंह गहलोत, सुरेन्द्र सांखला, लक्ष्मणराम टाक, धनसिंह सांखला, अर्जुन गहलोत, आशीष गहलोत, सांवर परिहार, अचलसिंह गहलोत, रामेश्वर गहलोत, जुगल भाटी, संदीप सांखला, अशोक गहलोत, लक्ष्मण सोंलकी, मनीष परिहार, मोहित भाटी, अशोक सांखला, हरीश सोलंकी, यश गहलोत, निर्मल सोलंकी, मोहित सांखला, मयंक देवड़ा, आनंदसिंह गहलोत, देवेन्द्र गहलोत, रवि परिहार, संदीप परिहार, धमेन्द्र सांखला, नरपत सिंह परिहार, ताराचंद गहलोत, विमलेश गहलोत, अर्जुन सोलकी, भरत सांखला, अर्जुन माली, चेतन देवड़ा, सुरेन्द्र गहलोत, कैलाश गहलोत, अशोक गहलोत, जीतू पंवार, मदन सोलंकी, कन्हैयालाल गहलोत, घनश्याम नाथुसिंह सोलंकी, प्रदीप कच्छवाहा, नृसिंह गहलोत, रामेश्वर गहलोत, दीनाराम गहलोत, रामेश्वर देवड़ा, आशीष टाक, कविश कच्छवाहा, दिनेश परिहार, योगेश गहलोत, सुभाष गहलोत, विनय परिहार, प्रदीप सांखला, कानाराम सांखला, छैलसिंह चौहान, संदीप गहलोत, राकेश परिहार, लवजीत सिंह पंवार, किशोर सिंह टाक, सुषमा परिहार, सोहन माली सहित सैकड़ों युवकों का पूर्ण सहयोग रहा।

**देशभर से श्रद्वालु पहुंचे अमरपुरा।**



**नागौर।** संत लिखमीदास जी महाराज के जन्मोत्सव पर गुरू पुर्णिमा के दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज विकास संस्थान अमरपुरा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देशभर से श्रद्वालु पहुंचे। राजस्थान के अनेक स्थानों से श्रद्वालुओं ने गुरू महाराज की समाधि के दर्शन किए। संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत के साथ ही राधाकिशन तंवर एवं अन्य पदाधिकारियों एवं युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी श्री कमल भाटी के मार्गदर्शन में भक्तों के लिए समुचित व्यवस्था की गई।

शहर के राठोड़ी कुंआ से शोभायात्रा निकाली गई। इसी प्रकार दयानंद मंदिर, ताऊसर व गुरू महाराज के जन्म स्थान बड़की बस्ती चैनार से सभी श्रद्वालुओं ने अमरपुरा तक पैदल शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर निज मंदिर व समाधि स्थल को सजाया गया। सुबह सबसे पहले अभिषेक का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद आरती हुई। नागौर के राठौड़ी कुंआ, नया दरवाजा, गोविंद गुफा बड़ली और हीराबाग ताऊसर रोड़ से शोभायात्रा शुरू हुई जो दयानंद मंदिर ताऊसर रोड़ से आने वाली शोभायात्रा से गांधी चौक में मिली। इस मौके पर दीपक गहलोत, ताऊसर सरपंच आशाराम भाटी और तिलोकचंद देवड़ा, शहर न्यात उपाध्यक्ष रामस्वरूप कच्छवाहा, विक्रम कच्छवाहा, हिरालाल परिहार, कमल भाटी, नरेश तंवर, शिव तंवर पवन तंवर पंकज आदि मौजूद रहे।

**भोपालगढ़ से 500 मोटरसाइकिल से 800 श्रद्धालुओं का दल पहुंचा।**

लिखमीदाज जी महाराज की जयंती के मौके पर जोधपुर के भोपालगढ़ से 500 बाइक पर 800 श्रद्धालुओं का एक दल अमरपुरा पहुंचा। इसमें जितेन्द्रसिंह आसोपरा, पांचाराम, रामदीन सोलंकी, क्षमाराम देवड़ा शामिल थे। इस मौके पर फलोदी समाज अध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, मेड़ता माली समाज अध्यक्ष गोरधनराम टाक, जोधपुर के समाजसेवी मेघाराम परिहार ने भी भक्तों का उत्साहवर्धन किया। पांचाराम, हुकमाराम देवड़ा, जोधपुर के आनंदसिंह कच्छवाहा, नगौर माली समाज अध्यक्ष प्रेमसुख सांखला, तीन गांव अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, टीकमचंद कच्छवाहा, आईदान भाटी आदि मौजूद रहे।

**पीपाड़।** माली समाज पीपाड़ शहर शहर द्वारा संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज की जयंती रविवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम ज्योतिबा फूले पार्क में विशेष पूजन के पश्चात वाहन रैनी रवाना होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए सब्जी मण्डी स्थित लिखमीदास महाराज मंदिर पहुंची उसके बाद शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वाहन रैनी खेजड़ला रोड़ समाज छात्रावास परिसर में जाकर संपन्न हुई है। इस दौरान पलिका अध्यक्ष महेन्द्र सिंह कच्छवाहा, धनराज सोलंकी, सुरेश कच्छवाहा, मण्डी अध्यक्ष बुधाराम टाक, ठेकेदार हापूराम मारोठया, बक्साराम कच्छवाहा, आयोजित समिति के पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल टाक, बाबूलाल सांखला, संपतराज सैनी, अमृतलाल, नरेश सांखला आदि का आयोजन में विशेष सहयोग रहा है जबकि अभिनेता हनुमान, व श्रवण कच्छवाहा द्वारा आकर्षक झांकी की प्रस्तुति दी गई तथा गायक दिनेश सांखला, श्रवण टाक, व शेषाराम टाक ने भजनों की प्रस्तुति दी।

**तिंवरी।** माली समाज द्वारा संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज की जयंती पर वाहन रैली का आयोजन किया गया। युवाओं द्वारा भगवा पताखों की रैली में संत के जयकारों के साथ अगुणा नेड़ा धाम के कोटड़ा, बिंजवाड़िया, बालरवा होते हुए तिंवरी पहुंची, जहां जयकारों के साथ रैली संपन्न हुई। मथानियां सरपंच श्री चंद्र सिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच श्री पाबूराम गहलोत, जिपस के श्री अरविंद सांखला, मण्डी डॉयरेक्टर श्री संजय परिहार, कल्याण सांखला, प्रेमसिंह परिहार, युवा क्लब अध्यक्ष सांवर परिहार ताराचंद सांखला अचलसिंह गहलोत आदि ने रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**जसनगर।** 9 जुलाई, कस्बे के भंवाल रोड के पास, माली समाज की बगीची में सन्त लिखमीदासजी महाराज की जयन्ति समारोह पूर्वक मनाई गई । इससे पूर्व संध्या पर विशाल भजन संध्या का आगाज हुआ । जिसमें बाल कलाकार अनिल नागौरी एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की आहुतियां दी गई । वही प्रात: यज्ञ किया गया । इसके बाद सन्त लिखमीदासजी महाराज की शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से श्रीराम बस स्टेण्ड से मिनी बैंक, नवीन मेडिकल स्टोर, सीनियर विद्यालय, तेजा चौक, खटीकों का बास, गुजरों का बास, पटवार घर, हनुमान मन्दिर, केसरिया कंवरजी चबूतरा, गणेश मन्दिर, कबूतर चौक, थमली माता स्तम्भ, शिवाजी बाजार, गीता मन्दिर तथ सब्जी मण्डी होते हुए पुन: माली समाज बगीची में पहुचें। अधिवेशन एवं जयन्ति समारोह के मुख्य अथिति सुनिल परिहार, अखिल भारतीय माली सैनी सेवा संस्था के अध्यक्ष औंकारराम कच्छावा, अजमेर विद्युत विभाग के अधिकारी विजयराज भाटी, ताराचन्द गहलोत, योगेश गहलोत जोधपुर



सहित ने हिस्सा लिया । अखिल भारतीय माली सैनी सेवा संस्था के अध्यक्ष औंकारराम कच्छावा ने माली समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर छात्र-छात्राओ का सम्मान किया। इस अवसर सोहनलाल भाटी, दशरथ सांखला, हड़मानराम दगदी, सुरेश भाणु, रतनलाल सांखला, गिरधारीलाल दगदी, राजतिलक मनीश सैनी, मलाराम रामनगर, बहादरराम नदीपुरा, भागुराम भोमवाला भेरा, कल्याणराम सहित कई समाजबंधुओं ने हिस्सा लिया ।

**जोधपुर** । गुरू पुर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज की जयंती पर रविवार को माली संस्थान, जोधपुर व संत श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा के संयुक्त तत्वावधान में माली संस्थान द्वारा संचालित बालिका छात्रावास व वृद्वाश्रम में भव्य रूप से मनाया गया।

संस्थान के सह सचिव श्री मनोहर सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम में गुरू महाराज के जीवन व अमरपुरा स्थित धाम पर संस्थान के सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा ने प्रकाश डाला तथा उनके भक्ति के माध्यम से सर्व समाज के लिए कार्यो से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर समाज की विभिन्न संस्थाओं के श्री देवीचंद देवड़ा, श्री हनुमानसिंह गहलोत, श्रीमती रूपवती देवड़ा, श्रीमती मधु सांखला, श्री प्रेमचंद सांखला, श्री राज गहलोत, श्री हरीसिंह गहलोत, श्री ओ. पी. भाटी, श्री हजारीसिंह टाक, श्री सुनील परिहार, श्री जगदीश देवड़ा, श्री कालूसिंह गहलोत, श्री सुरेश भाटी श्री लक्ष्मणसिंह सांखला बबलू सा, नसिंह सांखला के साथ ही अनेकों पदाधिकारियों ने भाग लिया। संस्थान में रह रही बालिकाओं सहित सभी स्वजनों ने संत शिरामणी लिखमीदास जी महाराज की मूर्ति माल्यार्पण कर सभी के मंगल की कामना की।



### चैन्नई में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से संपन्न

# मेहनत से आगे बढ़े राजस्थानी–श्री अशोक गहलोत

**समाज द्वारा दिनांक 1 जून से 3 जून तक आयोजित तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज, लोक देवता बाबा रामदेवजी, राधा-कृष्ण, रामदरबार, तिरूपति बालाजी, अम्बे माँ, गणेश, शिव परिवार, सरस्वती माता सहित कुल नव मंदिरों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं समाज के बहु-मंजिला भवन का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।**







चैन्नई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान के लोग मेहनत, ईमानदारी एवं लगन के पक्के होते है तथा जहां भी जाते है अपनी पहचान बनाते हुए खुद को स्थापित कर देते है। गहलोत साहुकारपेट के कन्यका परमेश्वरी महिला महाविद्यालय में श्री माली समाज भवन के उद्घाटन एवं संत शिरामणी लिखमीदास जी महाराज मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह निमित आयोजित महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गहलोत ने कहा उन्हें खुशी है कि दक्षिण भारत में प्रवासियों ने अपनी बुलंदी का डंका बजवाया है। इतने दूर आकर न केवल व्यवसाय में सफल हुए है बल्कि समय समय पर मातृभूमि के प्रति भी तन, मन एवं धन से सेवा के लिए तत्पर रहते है। कांग्रेस सरकार ने रिफाइनरी लगाने को लेकर खूब प्रयास किए थे और अब इस दिशा में जल्द आगे काम बढ़ाना चाहिए ताकि राजस्थान और खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ सके तथा अधिकाधिक लोगों को रोजगार भी सुलभ हो सके।

समारोह के अध्यक्ष जालोर सिरोही से भाजपा सांसद देवजी पटेल ने कहा कि चैन्नई में आकर ऐसा महसूस हो रहा है कि राजस्थान ही हो। अपने व्यस्त समय निकालकर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक कार्यो में भी सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है, यह प्रसंशनीय हैं।

आयोजन के साक्षी बने संत श्री चेतनगिरी जी महाराज, श्री रणछोड़ भारती जी, योगीराज श्री निर्मलनाथ जी महाराज व साथ ही राजस्थान भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, संदीप सैनी, सिरोही भाजपा अध्यक्ष लूंबाराम चौधरी के साथ ही सिरोही नगरपालिका चेयरमेन ताराराम देवड़ा, जालोर नगर पालिका चेयरमेन भंवरलाल गहलोत, शिवगंज नगरपालिका चेयरमेन कंचनदेवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। समिति की ओर से अतिथियों का साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

इससे पूर्व मद्रास माली समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन जून को साहुकारपेट के पेरूमाल कोइल गार्डन स्ट्रीट स्थित माली समाज भवन में मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रधान होम एवं विष्णु यज्ञ के साथ ही मूर्ति पंचामत स्थानम हुआ। रात को कन्यका परमेश्वरी महाविद्यालय में आयोजित भजन संध्या में राजस्थान समेत विभिन्न स्थानों से आए गायको ने भजन पेश किए। समारोह में मूर्ति प्रतिष्ठापना संत लखमीदास ने करवाई महोत्सव के तहत सुबह 8 बजे दैनिक पूजन, 10:30 बजे तोरण वंदन के साथ मूतियों का भवन में प्रवेश, 11:51 बजे अमर ध्वजा, कलश स्थापना, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पूर्णाहुति हुई।

दोपहर 1 बजे पट खोलने के बाद दर्शन करवाये तथा रात्रि को रामेश्वर मालीएंड पार्टी एवं प्रकाश माली एंड भजन पेश किऐ साथ ही चढ़ावे के लाभार्थियों, साधु-संतो, अतिथियों, कार्यकर्ताओं व कलाकारों का सम्मान किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट  अध्यक्ष शांतिलाल सुन्देशा सवणा, उपाध्यक्ष दलाराम देवड्या, सचिव मदनलाल सुन्देशा माली, कोषाध्यक्ष खीवराज माली समेत अन्य पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

तीन दिवसीय प्रतिष्ठा समारोह में सिर पर कलश लिए युवतियां एवं महिलां, जयकारे लगाते युवाओं की टोलियां, मंगल गीत गाती महिलाएं रथ पर विराजित संत महात्मा। कुछ ऐसा ही दृश्य समाज की शोभायात्रा का था। शोभायात्रा साहुकारपेट के पेरूमाल कोइल गार्डन से रवाना होकर प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः माली समाज भवन पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का कई स्थान पर स्वागत किया गया। आयोजन को कई समाजबंधुओ, जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में मद्रास माली समाज ट्रस्ट साहूकार पेट चैन्नई के अध्यक्ष शांतिलाल सुंदेशा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवाओं का विशेष सहयोग रहा जिसमें मद्रास माली नवयुवक मण्डल, मद्रास माली युवा मंच, लिखमीदास जी सेवा मण्डल और महिला मण्डल सम्मलित रहे।

### राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की ओर से 13 अगस्त 17 को आयोजित 1 दिवसीय अधिवेशन

# श्री अशोक गहलोत ने किया ओज से उजास की ओर आयोजित होने वाले अधिवेशन के बैनर का लोकार्पण





जयपुर। माली समाज की प्रमुख संस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की ओर से आयोजित 1 दिवसीय ओज से उजास की ओर अधिवेशन के बैनर का लोकार्पण जननायक श्री अशोक गहलोत ने दिनांक 2 अगस्त, 17 को करते हुए सभी को अधिवेशन की अग्रिम शुभकामनाऐं प्रदान की साथ ही समाज के सर्वागिण विकास हेतु समय समय पर सभी वर्गो के चर्चा एवं नई दिशा देने हेतु ऐसे आयोजन की महत्ती आवश्यकता बताई। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा रजि० की ओर से आगामी रविवार, दिनाँक 13 अगस्त को गुलाबी नगरी जयपुर के आमेर दिल्ली बाई पास रोड, नई माता मंदिर के सामने स्थित दी अवध गार्डन में आयोजित होने वाले एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन की सफलता के लिऐ वृहद स्तर पर तैयारियों के इंतजामात किये जा रहें है।

महासभा के वरिष्ठ महामंत्री राजेन्द्र मावर ने बताया कि प्रदेश के गाँव–गाँव ढाणी–ढाणी में घर द्वार आमंत्रण मनुहार के प्रथम दौर में समाजबन्धुओं के अधिवेशन में प्रतिनिधि के रूप में पहुँचने के पुष्ठ समाचार प्राप्त हुये हैं वहीं पदाधिकारी व गठित टीमें शेष स्थानों पर भी पहुँच बनाये हुए है, महासभा के चेयरमैन ओंकार राम कच्छावा पश्चिमी राजस्थान के दौरे पर है तथा संरक्षक सेवा राम दगदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चन्द गहलोत,महामंत्री किशन गहलोत, युवा प्रदेशाध्यक्ष धर्मेद्र टाक, अजमेर, अजमेर ग्रामीण, नागौर, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमन्द, उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, व बांसवाड़ा में सम्पर्क बनाये हुये है तथा कार्यकारी अध्यक्ष् छुट्टन लाल सैनी फूलवाले के नेतृत्व में पूर्वी राजस्थान व हाड़ौती क्षेत्र में आमंत्रण मनुहार पत्रिका से सघन सम्पर्क अभियान किया है।

महासभा के संरक्षक एंव कार्यक्रम संयोजक बिरदी चन्द्र सिंगोदिया ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के सभी जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्यजन के अलावा, प्रबुद्धजन नई उभरती युवा खेंप व महिलाओं को भी प्रतिनिधि के रुप में आमन्त्रित किया है होनहार खिलाड़ियों के अलावा समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित किया गया है। प्रवक्ता व सचिव विनीत साँखला ने बताया कि गुलाबी नगर जयपुर में गुलाबी फिजा के साथ रिमझिम मौसम में 'ओज से उजास की ओर' के संकल्प से लबरेज प्रतिनिधियों की मनुहार के लिये पलक पाँवडें बिछाए जायेंगे। युग प्रणेता महात्मा ज्योति बा फुले व राष्ट्र की महानायिका सावित्री बाई फुले के जीवन–दर्शन सन्देश के जयकारों के साथ सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक सम सामयिक विषयों पर चिंतन एंव मनन किया जायेगा।

इसी क्रम में कार्यकारी अध्यक्ष् छुट्टन लाल सैनी व संयोजक बिरदी चन्द सिंगोदिया जी के नेतृत्व में दिनांक 3 अगस्त, 17 को प्रदेश के कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी को अधिवेशन में पधारने हेतु अनुरोध किया गया इस अवसर पर महासभा के उपाध्यक्ष दुर्गा लाल माली(उप चेयरमैन ), महामंत्री राजेन्द्र मावर, मनोज अजमेरा, विनीत साँखला, गुलाब लहड़किया, मोहित सैनी, मनोज सैनी सहित समाज बन्धु सम्मिलित थे।

**राजस्थान प्रदेश माली सैनी युवा महासभा का हुआ विस्तार** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष ने राजस्थान के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों एवम् प्रदेश कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर पदाधिकारीगण की नियुक्ति की है तथा शेष रहे जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी भी यथाशीघ्र ही नियुक्त कर देने की बात कही। **नव नियुक्त जिला अध्यक्षों की सूची निम्न प्रकार है** 1. **अजमेर**-श्री शिव मालाकार सैनी 2. **टोंक** - श्री नवरत्न उर्फ लोकेश सैनी एडवोकेट 3.**धौलपुर**-श्री राजू कुशवाह 4.**सवाई माधोपुर**- श्री कन्हैयालाल सैनी 5.**करौली**- श्री करतार सिंह सैनी 6. **झुंझुनू**- श्री मेहर कटारिया 7. **अलवर**-श्री कृष्ण सैनी 8. **दौसा**- श्री खैरातीलाल सैनी 9. **जालोर**- श्री चुन्नीलाल गहलोत 10. **सिरोही**-श्री जगदीश उर्फ जयंतीलाल माली 11. **जैसलमेर**- श्री मूलचन्द् सोलंकी माली 12. **जयपुर जिला देहात** - श्री हरिकिशन सैनी। इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारीगणों मे **प्रदेश उपाध्यक्ष** श्री प्रदीप सैनी (पार्षद-नगर परिषद झुझुनू),श्री महावीर सुमन (कोटा), प्रदेश महासचिव पद पर श्री लेखराज सैनी (जयपुर), श्री प्रेम सिंह माली (करौली), श्री विकास बबेरवाल (अलवर), श्री संजय दग्दी (अजमेर) को नियुक्त किया गया है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं आशा है कि आप सभी बंधुगण न केवल अपने पद की गरिमा के अनुकूल समाज को संगठित करने व सामाजिक समस्याओं को सुलझाने में और अधिक गति से कार्य करेंगे अपितु साथ ही सक्रिय व अधिक ऊर्जावान रहकर समाज के युवाओं को एक सकारात्मक संदेश देने में सदैव प्रयासरत रहेंगे।

रजि. नं. 172/जोधपुर/2015-16

माली सैनी समाज पीपाड़ शहर

# माली(सैनी) शिक्षा सेवा संस्थान पीपाड़ शहर







के तत्वावधान में

बुधवार, दिनांक 15 नवम्बर मिगसर वदी 12 को

माली समाज पीपाड़ का प्रथम सामूहिक विवाह कार्यक्रम

एवं





माली (सैनी) छात्रावास, पीपाड़ शहर

का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम एवं



दिनांक 13 नवम्बर से 15 नवम्बर, 2017 तक

श्री श्री 108 श्री रामप्रसाद जी महाराज

के पावन सानिध्य में

तीन दिवसीय नैनी बाई का मायरा कार्यक्रम




स्थान :- माली( सैनी ) छात्रावास परिसर खेजड़ला रोड़ पीपाड़ शहर

विवाह पंजीयन शुरू। कार्यालय पता:- दुकान नं. 90, मालियान सब्जी मण्डी , पीपाड़ शहर मो. 9983320261

आज का शिक्षा दान- भविष्य की महाप्राप्ति। सामुहिक विवाह - अपना कार्यक्रम- अपनो के लिए।।




## कमल किशोर भाटी बने युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष

नगौर। संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज स्मारक संस्थान की कार्यकारिणी की दिनांक 30 जून, 17 को आयोजित मिटिंग में समाज के युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री कमल किशोर भाटी पुत्र श्री रमेशकुमार भाटी को संत लिखमीदास जी युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने कमल किशोर भाटी के समाजसेवा के जज्बें को देखते हुए इस पद पर मनोनयन किया है तथा कमल किशोर भाटी को शीघ्र ही सक्रिय युवा समाजसेवियों के कार्यकारिणी की नियुक्ति करने की बात कही। इस अवसर पर संस्थान के श्री राधाकिशन तंवर व मनोहर सिंह परिहार के साथ संस्थान के सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा ने नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष कमल किशोर भाटी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की कि वे युवाओं के साथ सामाजिक आयोजनों एवं लिखमीदास जी महाराज के सर्व समाज के हितार्थ किए गये कल्याणकारी कार्यो व सेवा के अनुरूप ही सभी को साथ लेकर सेवा कार्य कर समाज में जागरूकता लायेगें।

## प्रवेश परीक्षा में योगेन्द्र सैनी देशभर में प्रथम



किशनगढ़। आर्टिस्ट ज्ञाननेन्द्र सैनी व आशा सहयोगिनी नीलम सैनी के होनहार पुत्र योगेन्द्र सैनी ने भारतीय कृषि अनुसंधान प्रवेश परीक्षा में पर्यावरण विज्ञान संकाल में ऑल इण्डिया में प्रथम रेंक हासिल की। इसके अलावा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी में भी योगेन्द्र सैनी ने जेपीएफ व एपी दोनों के लिए कालिफाई कर परिवार के साथ ही समाज को गौरवान्वित किया है। समाज के युवा गौरव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।



## कोमल सैनी को प्रदेश टॉपर बनने पर हार्दिक बधाई

समाज की युवा बेटी सोनल भाटी सुपुत्री श्रीमती सुमित्रा श्री विनोद भाटी के तेलंगाना प्रदेश की बीबीए परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश टॉपर बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं। कोमल को समाज की विभिन्न संस्थाओं ने बधाई प्रेषित की।





# वृहद् वृष्टि यज्ञ वर्षा के साथ संपन्न

जोधपुर। मगरा पूंजला आर्य समाज मंदिर, महर्षि पाणिनिनगर के तत्वावधान में आयोजित आध्यात्मि सत्संग व 8 दिवसीय वृहद् वृष्टि यज्ञ संपन्न हुआ। संयोजक गजेन्द्र सिंह सांखला ने बताया कि आर्यजगत के संत शिरोमणी आचार्य सोमदेव व बहन अंजली आर्या के सानिध्य में अथर्वेद के वृष्टि सूक्त मंत्रों व अध्यात्मिक भजन प्रवचन के साथ सैकड़ों लोगों ने यज्ञ में आहुति प्रदान कर यज्ञ की पूर्णाहुति की। जड़ी बुटियों से निर्मित हवन सामग्री से पूरा वातावरण सुंगधित हो गया और इन्द्र देवता ने प्रसन्न होकर आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर यू. पी., मध्यप्रदेश, दिल्ली, हॉलेण्ड व जोधपुर के सभी आर्य समाज व नगर के आर्यजनों ने उत्साह से भाग लिया। साथ ही मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा, विशिष्ठ अतिथि श्री गणपत सिंह भाटी, रामेश्वर सोनी, जयसिंह पालड़ी, विक्रमसिंह सांखला, मदन तंवर, फल सब्जी मण्डी के डॉयरेक्टर श्री राकेश परिहार थे। दाऊलाल परिहार, सोहनसिंह गहलोत, जोधपुर महानगर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री महेन्द्र तंवर, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री ब्रह्मसिंह चौहन, माली सैनी संदेश पत्रिका संपादक मनीष गहलोत, व जगदीश देवड़ा को सम्मान के अलावा समाज के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। समाज के करण सिंह भाटी, ज्ञानसिंह, पृथ्वीसिंह टाक, हंसराज सांखला, युधिष्टर गहलोत, हुकमसिंह सांखला, नरेन्द्र आर्य, डॉ. महेश परिहार, चेतनप्रकाश, रमेश मेहरा, राजा गहलोत, चेतनप्रकाश, सेवाराम आर्य, हेमसिंह आर्य, भागीरथ जागिड़, विष्णुप्रकाश सोलंकी, हिम्मतसिंह कच्छवाहा, कमलकिशोर आर्य, लक्ष्मण गहलोत, सोहनसिंह भाटी, किशनसिंह, आनंदसिंह, सुभाष, श्रीमती संतोष आर्य, सरोज भाटी, दमयंती गहलोत, ललिता सांखला, अदिति आर्य विश्वविता सांखला, संपतराज देवड़ा सहित जोधपुर शहर के समाज सेवी उपस्थित थे। मंच संचालन मंत्री शिवराम आर्य तथा प्रधान कैलाश आर्य नकि सभी आंगुन्तुकों का धन्यवाद व ह्रदय से आभार प्रकट किया।

# 48 मिनट वृक्षासन, बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

परबतसर। कस्बे के शिक्षक मदन मोहन सैनी ने योगा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज करवाया है। पतंजलि योग समिति परबतसर के मीडिया प्रभारी सुभाष पारिक ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर गुजरात राज्य के कार्यक्रम के दौरान अहमदाबाद में आयोजित योग दिवस की पूर्व संध्या पर मदन मोहन सैनी ने लगातार 48 मिनट 32 सैकण्ड तक वृक्षासन मुद्रा में रहकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। इस रिकार्ड को बनाने पर मदन मोहन सैनी को 21 जून को गुजरात राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में योग गुरू स्वामी बाबा रामदेव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल ओमप्रकाश कोहली, मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, पूर्व मुख्यमंत्री आनंदी बेन, राष्ट्रीय संत रमेश भाई ओझा के साथ गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया प्रमुख मनीष विश्नोई ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले वृक्षासन का रिकार्ड मध्यप्रदेश के एक योग साधक का 19 मिनट का था। जिसे मदन मोहन सैनी ने लगातार 48 मिनट 32 सैकंड तक करते हुए रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है

**2008 से योग में सक्रिय है सैनी**

मदनमोहन सैनी पुत्र मूलचंद सैनी वर्ष 2008 से योग करते आ रहे है उन्होंने 2008 में पतंजलि योग समिति से जुड़कर तहसील प्रभारी, जिला संगठन मंत्री के दायित्वों को निभाया। वर्तमान में मदनप मोहन सैनी पतंजलि समिति के राजस्थान राज्य के सह राज्य प्रभारी है। सैनी परबतसर के मूल निवासी है और वर्तमान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय राहिंडी में व्याख्याता पद पर कार्यरत है। मदन मोहन सैनी गत 2 वर्षो से परबतसर के नृसिंह भगवान मंदिर में निःशुल्क योग शिविर भी संचालिति कर शहर वासियों को योगाभ्यास करवा रहे है।

माली सैनी संदेश परिवार श्री मदनमोहन को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# गगन सैनी आईआईटी चैन्नई से मेटरलजी साईन्स में करेगें इंजीनियरिंग नासा में जाकर अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में शोध का है सपना



कोटपुतली। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास के रहने वाले 18 वर्षिय होनहार छात्र गगन सैनी के दिल में अंतरिक्ष के बेजोड़ रहस्यों को जानने का सपना इस तरह पनपा की छात्र ने अपनी सच्ची मेहनत व लगन से आईआईटी में चयनित होकर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया है। बड़ाबास मौहल्ला निवासी गगन के पिता महेश सैनी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी है। जबकि दादा प्रहलाद चंद सैनी सामाजिक कार्यो में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते रहे है। गगन ने 10वीं तक की शिक्षा कोटपूतली के ही राजस्थान स्कूल से उत्तीर्ण की है जिसके बाद 12वीं की पढ़ाई व आईआईटी की तैयारी जयपुर में रहकर ही की। गगन का चयन भारतीय प्रौधोगिक संस्थान आईआईटी चैन्नई में मेटरलजी इंजिनियरिंग में हुआ है।

वे भविष्य में इसी विषय में शोध के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष विज्ञान की एजेंसी नासा में जाना चाहते है। जो कि अमेरिका में स्थित है। गगन ने बताया कि वह नियमित तौर पर 5–6 घण्टे अध्ययन करता है। जबकि परीक्षा के दिनों में करीब 12 घण्टे अध्ययन ही उसकी सफलता को अंतरिक्ष के रहस्यों से रूबरू करवाकर देश सेवा का सपना रखने वाले गगन ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता व गुरूजनों को दिया है। उनकी सफलता पर क्षेत्रिय विधायक राजेन्द्र सिंह यादव समेत सैनी समाज के अध्यक्ष सैनी ने बधाई दी है।

माली सैनी संदेश परिवार गगन को हार्दिक बधाई प्रेषित करता हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# युवा वेट लिफ्टर मनोहर सांखला कैलिफोर्निया में दिखाएंगे दमखम



जोधपुर। पावर लिफ्टिंग में देश ही नहीं, अपितु लंदन कॉमन वैल्थ खेलों में रजत पदक जीतकर देश व जोधपुर पुलिक के साथ ही माली समाज का नाम रोशन करने वाले एएसआई मनोहर सिंह सांखला अब अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एँजिल्स होने वली वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2017 में दमखम दिखाएंगे।

आगामी 7 से 16 अगस्त तक होने वाली प्रतियोगिता के लिए राजस्थान पुलिक के बाद ऑल इण्डिया पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड ने एएसआई मनोहर सिंह सांखला को विश्व स्तरीय पुलिस प्रतियोगिता में बैच प्रेस एण्ड पुश/पुल स्पर्द्धा में खुद के खर्चे पर भाग लेने की अनुमति दी। उनको प्रतियोगिता में भाग लेने व आने-जाने के लिए सरकारी स्तर पर कोई आर्थिक मदद नहीं दी जाएगी। ऐसे में मनोहरसिंह ने अपने खर्चे पर हिस्सा लेने का निर्णय लिया है।

जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र में कार्यरत एएसआई मनोहर सिंह सांखला को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्स बटालियन एवं मुख्य खेल अधिकारीने वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स में भाग लेने की विभागीय अनुमति दी थी। इसके बाद अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स बोर्ड नई दिल्ली के सचिव ने भी एएसआई को एनओसी दी है। अब मनोहरसिंह 6 अगस्त को नई दिल्ली से कैलिफार्निया रवाना होगे।

एनओसी मिलने के बाद आर्थिक चिंता

स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड एएसआई को खुद के खर्चे पर प्रतियोगिता में भाग लेने की एनओसी दी है। कैलिफोर्निया जाने आने व रहने व प्रतियोगिता का पूरा खर्च उन्हें खुद वहन करना होगा। आर्थिक तंगी से जूझ रहे मनोहर सिंह के लिए करीब 2लाख रूपये का इंतजाम करना मुश्किल भरा काम है। हांलाकि उनके मित्र व समाज के लोगों ने उन्होंने मदद की उम्मीद जताई है।

मनोहर सिंह सांखला का कहना है कि पिछली बार किसी कारणवश इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया था। इस बार पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। उम्मीद है कि विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर देश व जोधपुर पुलिस का नाम रोशन करूंगा।

ज्ञात रहे मनोहर सिंह सांखला इससे पहले अनेकों प्रतियोगिताओं में अपने दम पर भाग लेकर अनेकों पदक जीत कर समाज को गौरवान्वित किया है लेकिन माली समाज में ऐसा कोई कोष नहीं है जिसके माध्यम से समाज के युवाओं को ऐसे समय में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सकें । समाज में ऐसी अनेकों प्रतिभाऐं है जो अथक मेहनत से अनेकों प्रतिस्पर्दाओं में अपनी प्रतिभा से पदक जीत चुके है। हमें इस हेत भामाशाहों के माध्यम से सहायता उपलब्ध करानी चाहिए जिससे भविष्य किसी युवा को आर्थिक सहायता के लिए भटकना नहीं पड़े।

# समाज के युवा सीए दिनेश ने बिना दहेज की शादी व फेरे में ली दहेज के खिलाफ लड़ते रहने की शपथ



गुड़गांव। कहते है इरादे मजबूत हो तो समाज में जड़ जमा चुकी कुरीतियों को भी उखाड़ा जा सकता है। समाज में फैली दहेज प्रथा के खिलाफ लड़ने का यह जज्बा दिखाया है चार्टे अकाउंटेंट की पढ़ाई पुरी कर चुके नारनौल के धर्मेन्द्र और गुड़गांव की भारती सैनी ने। दोनों ने शादी ही इस शर्त पर की कि वे बिना किसी दहेज प्रथा जैसी बुराई के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य करने का भी संकल्प लिया है।

पब्लिक हैल्थ में नौकरी करने वाले रोहताश के बेटे धर्मेन्द्र जब सीए की पढ़ाई पूरी कर अपने पैरों पर खड़ा हुआ तो शादी के लिए परिवार का दबाव बढ़ा। जिसके चलते गुड़गांव की भारती सैनी से उनकी सगाई कर दी गई, लेकिन धर्मेन्द्र इस शर्त पर शादी करने के लिए राजी हुआ कि चाहे दोनों तरफ से कितना ही दवाब दिया जाए वह बिना किसी दहेज के शादी करेगा। धर्मेन्द्र के अनुसार उसने इसके लिए अपने घरवालों को मनाया और मंगेतर भारती से बात की। भारती ने भी अपने पिता दिनेश सैनी और पूरे परिहवार को दहेज न देने के लिए राजी कर लिया।

शादी के बंधन में बंध चुके इस नव दंपति ने अपने मजबूत इरादों के चलते एक रूपया भी दहेज नहीं लिया और अब संकल्प लिया है कि वे जीवन भर ऐसे प्रयास करते रहेंगे कि लोग बिना दहेज के शादी करें। धर्मेन्द्र के अनुसार पढ़े लिखे लोगों में दहेज लेने और देने का ज्यादा चलन है लेकिन हम इसके विरोध में सदा खड़े रहेंगे। धर्मेन्द्र के मुताबिक अगर कोई पढ़ लिखकर भी दहेज लेने ओर देने की वकालत करता है तो उसकी शिक्षा समाज के किसी काम की नहीं।

## -: सुविचार :-

**अहंकार रखोगे तो किसी और को नहीं रख पाओगे। क्योंकि अहंकार रिश्ते बनाने में सबसे बड़ी रूकावट होता है। अहंकार अपने आप में नशा है अहंकार एक झूठा गर्व है एक अहंकारी वयक्ति की दुनिया उसी से शुरू होती है और उसी पर खत्म होती है**

नागपुर फुले ब्रिगेड का अनुपम उपहार

## घर घर जाकर स्कूल जाने लिए उत्साहित कर रही है बच्चों, ऐसी युवा बहनों की टीम को सलाम

नागपुर। आज दिनांक 27 जून को फुले ब्रिगेड महिला टीम नानापुर सर्व शिक्षा अभियान रुस्कूल चलो हम अभियान फुले ब्रिगेड महिला टीम की सदस्य काजल माली और जिला प्रभारी घनश्याम माली ब्रिगेड की महिला अलीराजपुर टीम और नागपुर टीम ने सभी घर-घर जाकर शिक्षा का महत्व समझाया और साथ में काजल जी ओर जिला प्रभारी मंजुला माली की ओर से किताबें और पेन वितरण करके बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया और उसका विकास के बारे में बताया कि हमारे ज्योतिबा फुले माँ सावित्रीबाई फुले दंपति भारत रत्न दिलाना हे और समाज का विकास करने की बात कही और जिन बच्चों ने अपनी शिक्षा बीच में छोड़ दी उनकी वजह पूछ कर के उनकी समस्याओं का हल किया जिन परिवार में आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं है उनके बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी फुले ब्रिगेड महिला टीम ने ली।

**स्कूल चलो अभियान के तहत कुछ पंतिया भी बोली-**

'नारी को अबला मत कहना ,नारी बल की खान है। नारी को अबला कहना नारी का अपमान है, बहुत सहन कर चुकी जुल्म नारिया, और नहीं अब सहना है घर के भर पैर रखा है, कमरे मै नहीं रहना। स्वयं कमाएगी अब नारी, ये नारी का ऐलान है, अब नारी अपने परिवार के साथ अपने माली समाज का भी विकास करेगी और फुले ब्रिगेड का नाम बड़ा करेगी'।

इस अवसर पर महिला शक्ति ने एक स्वर में कहा कि ज्योतिबा फुले सावत्रीबाई फुले को समाज के साथ मिलकर भारत रत्न भी दिलाएगी और माली समाज को शिक्षित कर समाज का और देश का नाम रोशन करेगी आज अलीराजपुर और नागपुर महिला टीम की दोनों टीमों ने बहुत बड़ा काम किया घर घर जाकर सभी को स्कूल जाने के लिए प्रेरणा दी और समस्याए पूछी और उसका हल किया। स्कूल चलो अभियान फूले ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक के दिशा निर्देश के अनुसार हमारे मध्य प्रदेश संयोजक राज माली के नेतृत्व मे सभी युवा साथी से प्रेरित होकर फुले ब्रिगेड महिला टीम ने घर-घर जाकर शिक्षा के लिए प्रेरित कर रही है, जिसमें अलीराजपुर उप जिला प्रभारी जया माली फुले ब्रिगेड सदस्य काजल माली खुशबू माली मीडिया प्रभारी काजल तीलौरिया फुले ब्रिगेड की दीपमाला और आदि महिला उपस्थित रहे पायल माली का भी बहुत सहयोग रहा।

**सैनी उमावि का 15वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मानाया :** भोपालगढ़। माली समाज द्वारा संचालित सैनी उमावि का स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया। समारोह को संबोधित करते हुए ओंकारराम कच्छवाह ने कहा कि समाज के विकास के लिए बालिकाओं को पढ़ाना जरूरी है। कच्छवाह ने लिख्मीदास महाराज की जीवनी के बारे में बताया। तहसीलदार विश्नाराम ने कहा कि प्रतिभा कभी खरी नहीं जा सकती हैं प्रतिभा के लिए मेहनत करन पड़ती हैं सचिव रामस्वरूप देवड़ा ने बताया कि बेटियों का शिक्षित होना जरूरी है। इस अवसर पर सीआई राजीव भादू, प्राचार्य मलकितसिंह, पांचाराम सोलंकी, बद्रीराम देवड़ा, सरपंच जमना देवड़ा, पंसस मंजू भाटी, पूर्व सरपंच धापुदेवी, युवा नेता जयप्रकाश देवड़ा, पंचायतीराज कर्मचारी जिला उपाध्यक्ष रामनिवास, पाली लोकसभा महासचिव महेंद्र प्रताप देवड़ा सहित स्कूल स्टाफ सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## मण्डोर माली समाज की ऐतिहासिक पहल



जोधपुर। माली समाज के भामाशाह कैलाश गहलोत ने लौहार समाज की श्रमिक परिवार की बेटी जो न बोल पाती है न ही सुन पाती है। उसके पिता की आर्थिक स्थित ठीक नहीं होने के कारण हमेश उनको अपनी बेटी की शादी की चिंता लगी रहती थी। तभी इसी समाज के एक युवक लिखमाराम ने सुश्री राजू से शादी की इच्छा जाहिर की तो राजू के पिताजी को एक तरफ जहां शादी की खुशी थी वही शादी के खर्चो का सोचकर मन बैचेन हो उठा।

लेकिन कहते है जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है यही राजू के साथ भी हुआ उसके शादी के लिए माली समाज मण्डोर क्षेत्र के मायली मण्डावता निवासी कैलाश गहलोत ने सुश्री राजू की शादी के लिए सभी खर्चा उठाने की बात कहते हुए अक्षया तृतीया को सुश्री राजू की शादी लिखमाराम से बड़ी धूमधाम व रीति रिवाज से कराई तथा राजू के नए दाम्पत्य जीवन में खुशियां भरने के लिए सभी आवश्यक उपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की तथा विवाह समारोह में समाज के गणमान्य समाजसेवियों को भी आशीर्वाद हेतु आमंत्रित किया। विवाह समारोह में सीमा-कैलाश, मंजू-बालकिशन, रेखा-चेतन, ममता-कुलदीप, वीणा-विजयसिंह सहित गहलोत परिवार व अन्य समाज बंधुओं ने नव दम्पति को आशीर्वाद व उपहार भेंट कर सुखी वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

माली समाज के सभी वर्गो ने श्री कैलाश गहलोत के इस पावन कार्य हेतु उन्हें हार्दिक बधाई प्रदान करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्य की सराहना की तथा आभार प्रकट किया।

**'समाजसेवी स्व. श्री प्रहलाद राम सैनी की यादगार में वाटर-कुलर भेट'**

नरहड़ (पिलानी) आज समाजसेवी स्व. श्री प्रहलादराम सैनी की याद में राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय नरहड़ में 500 लीटर का फिल्टर वाटर कुलर श्री प्रहलादराम सैनी मैमोरियल सेवा संस्थान, प्रहलाद माली की ढाणी नरहड़ द्वारा सप्रेम भेट किया एव इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बड़ का पेड़ भी लगाया गया। विद्यालय प्रागंण में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नरहड़ सरपच श्रीमती सुनिता स्वामी तथा अध्यक्षता मूर्तिकार श्री मातुराम वर्मा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संस्थान के अध्यक्ष श्री सुरेश सैनी, सचिव श्री सुरेन्द्र सैनी व श्री रामवतार सैनी व विद्यालय प्रार्चाय श्री महेश पारिक थे। इस दौरान पंचायत के गणमान्य नागरिक व विधालय स्टॉफ व छात्र छात्राये मौजूद थे।

बालीथल में भैरूजी महाराज का तृतीय वार्षिक भंडारा व प्रतिभाओ का सम्मान समारोह आयोजित

# प्रतिभाओं को निखारने के लिये सरकार चला रही है विभिन्न योजनाएं– ममता






टोंक। उपखण्ड उनियारा के ग्राम बालीथल में माली सैनी समाज नवयुवक मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित भैरूजी महाराज का तृतीय वार्षिक भंडारा सम्पन हुआ। भंडारा क्रार्यक्रम में मौके पर माली (सैनी) समाज की प्रतिभाओ का सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमे समाज की होनहार प्रतिभाओ को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर प्रतिभाओ का होंसला अफजाई की गई।

भण्डारा व सम्मान समारोह क्रार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि पंचायत समिति प्रधान ममता चौधरी ने कहा कि धार्मिक क्रार्यक्रमों के प्रति जागृति लाने के लिये ऐसे क्रार्यक्रम समय–समय पर आयोजित होते रहने चाहिये। साथ ही प्रतिभाओं को प्रात्साहित करने हेतु सम्मान समारोह करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रतिभाओं को निखारने के लिये शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति सहित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है जिसका उन्हे लाभ उठाना चाहिये। विशिष्ट अतिथि ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) राजस्थान प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया कहा कि बच्चे की प्रथम पाठशाला उसका परिवार होता है वहां से उसे जीवन की शुरूआत होती है ओर बच्चा उसी प्रकार के संस्कार पाता है जो उसका परिवार उसे देता है, ओर उसी बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिये अभिभावक उसे विद्यालय भेजते है, जहां उसी प्रतिभा को विकसित करने में अध्यापक अपनी पूरी मेहनत लगा देता है। प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। लेकिन उनका सम्मान ही उन्हे ओर बेहतर करने के लिये उत्साहित करता है।

क्रार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज टोंक जिलाध्यक्ष पांचू लाल सैनी ने कहा कि समाज में ऐसे सामूहिक भोज से समाज में एता का भाव विकसित होता है। समाज के विकास ओर उत्थान के लिये समाज को संगठित होने की आवश्यता है। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने के लिये समाज में शिक्षा के प्रति जागृति लाना जरूरी है। हमे समाज की किसी भी क्षेत्र की प्रतिभाओं उसे आगे ओर अच्छा करने के लिये प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे वो प्रतिभा समाज ओर परिवार का नाम रोशन करे। इस मौके पर कैलाश सांखला टोंक, नगर पालिका उनियारा पार्षद चिरंजी लाल सैनी, घांसी लाल जैन, सरपंच ग्राम पंचायत बलीथल सत्य नारायण जांगिड़, माली समाज उनियारा तहसील अध्यक्ष हरिनारायण सैनी, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) उनियारा तहसील अध्यक्ष राधेश्याम सैनी डाबला, टोंक शहर अध्यक्ष अशोक सैनी, किशन लाल सैनी अलीगढ, हरगोविन्द सैनी अध्यापक चोरू, रामस्वरूप सैनी अध्यापक, वार्ड पंच हंसराज बामनिया, पूर्व वार्ड पंच किशन लाल सैनी, भगवान दास सैनी, शंकर लाल सैनी, सीताराम, सत्यनारायण, हनुमान सैनी, महेन्द्र, श्योजीलाल, प्रहलाद, लक्ष्मीनाराण, हजारी लाल, नारायण, रामलाल, प्रकाश सैनी, तेलमल, पप्पू लाल, हनुमान सैनी रमजानगंज, शंकर लाल सैनी, मोती लाल सैनी, राम लाल सैनी आदि मौजूद रहे। क्रार्यक्रम मंच संचालन बनवारी लाल सैनी अध्यापक ने किया।

# समाज के सी. एल. सैनी ने रची परमावतार श्रीकृष्ण की पटकथा



सहारनपुर। सिया के राम, देवों के देव महादेव समेत एक दर्जन से अधिक बड़े धारावाहिक लिख चुके सहारनपुरवासी सी. एल. सैनी की कलम ने एक ओर धारावाहिक की पटकथा लिखी है, जिसका नाम है परमावतार श्रीकृष्ण धारावाहिक भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित है। सैनी ने बताया कि अपने काल में श्रीकृष्ण ऐसे करेक्टर रहे हैं, जिनकी बातें आज के जीवन में सार्थक साबित हो रही हैं। चाहे वह राजनीतिक क्षेत्र हो या फिर कूटनीतिक। सैनी की लेखनी की खासियत यह रही है कि उनकी कलम ज्यादातर अध्यात्म पर चली है। उनकी कलम ने अभी तक अनेक बड़े धारावाहिक रचे हैं, जिन्होनें देश ही नहीं विदेशों तक में सी. एल. सैनी को पहचान दिलाई है।

सी. एल. सैनी ने बताया कि परमावतार श्रीकृष्ण एंड टीवी चैनल पर प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे प्रसारित होगा। उन्होंने सभी समाज बंधुओं से धारावाहिक को देखने की अपील की। सी. एल. सैनी का देवों के देव महादेव धारावाहिक सबसे अधिक लोकप्रिय रहा। इसके अलावा उन्होंने सिया के राम, सिंघासन, जय–जय–जय बजरंग बली, महिमा शनिदेव की रामायण, पृथ्वीराज चौहान, नागिन, अलाउद्दीन, विक्रम और बेताल, दो सहेलियां किस्मत की कठपुतलियां, मितवा, फूल कमल के और जो इश्क की मर्जी वो रब की मर्जी आदि रहे।

### जिन बेटियों को अपनों ने छोड़ा, उन्हें अपनाने इंजीनियर-बिजनेसमैन ने पहनाई अंगूठी

# लव–कुश संस्थान में मिले संस्कारों और व्यावहारिक ज्ञान को देख अनाथ बेटियों को अपनाया संपन्न परिवारों ने

जोधुपर। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड 16 सेक्टर स्थित लव–कुश संस्थान में रविवार शाम विशेष उत्साह और उमंग का महौल था। यहां पलने वाले अनाथ बच्चे और उनकी देखभाल करने वाले बड़े सभी किसी शुभ घड़ी और शगुन का इंतजार कर रहे थे। यह शुभ घड़ी थी यहां पली–बढ़ी चार युवतियों राधा, एकता, गीता, और रेखा की सगाई के पलों की, जिन्हें अपनों ने तो बरसों और व्यावहारिक ज्ञान को देखते हुए अब संपन्न परिवारों ने अपनी बहू बनाने का निर्णय लिया है। इनमें तीन युवक बिजनेसमैन, जबकि एक इंजीनियर है। खुशियां उस वक्त चरम पर पहुंच गई जब शुभ मुहूर्त के अनुसार शाम 7 बजे सगाई का कार्यक्रम शुरू हुआ। एक–एक कर चारो युवतियों को उनके ससुराल वालों ने फूलमाला व सोने के गहने पहना और मुंह मीठा करवा प्यार के बंधन की शुरूआत की। संस्थान संचालक राजेंद्र परिहार और उनकी पत्नी शोभा भी अपनी लाडली बेटियों के ससुराल वालों की आवभगत में जुटे हुए थे। उन्होंने बताया कि कई महीनों से योग्य वरों की तलाश की जा रही थी। इसके लिए विज्ञापन भी दिया। आखिर शुभ घड़ी आ ही गई जल्द ही इनकी शादी की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। इस अवसर पर इन युवतियों के ससुराल वालों ने इन्हें अपनाने के पीछें अपनी भावनाएं हमारे साथ साझा की।



**मां पाल नहीं सकी तो छोड़ा, स्पोर्ट्स में कई अवार्ड जीते रेखा ने**

रेखा जब मासूम थी तब ही पिता का साया सिर से उठ गया। मां ने कुछ साल तो दो बेटियों की परवरिश की, लेकिन गरीबी आड़े आने लगी तो छह वर्षीय रेखा को आश्रम में छोड़ गई। यहां रेखा 10वी तक पढ़ी स्पोर्ट्स में भी कई मेडल जीते। घरेलू कार्य तो संस्थान में सिखाए ही जाते है।



**दादा ने ननिहाल भेजा, मामी छोड़ गई, हेयर स्टाइलिस्ट है एकता**

एकता को माता–पिता के निधन के बाद 14 की उम्र तक दादा ने पाला–पोसा। उम्र जवाब देने लगी तो ननिहाल भेज दिया। मामी उसे यहां छोड़ गई। एकता ने यहा रह 10वीं पास की। फिर हेयर स्टाइलिस्ट बनने के लिए डिप्लोमा किया। आज 20 वर्षीय एकता सैलून में हेयर स्टाइलिस्ट है। यहां की लड़कियां जहां भी गई वहां 'मकान' को 'घर' बनाया, ये गुण एकता में भी देखेः चौहाबो निवासी रवि बाहेती का ट्रैक्टर पार्ट्स का बिजनेस हैं । रवि बताते है–यहां की लड़कियां जिस भी घर में गई, वहां उन्होंने 'मकान' का 'घर' बना दिया। एकता में भी ये गुण नजर आए।



**माता–पिता की मौत के बाद बुआ छोड़ गई, ब्यूटिशियन है राधा**

आठ साल की उम्र में ही राधा के माता–पिता गुजर गए। कुछ समय बुआ ने रखा, बाद में वे उसे यहां छोड़ गई। यहां राधा ने संस्कारों के साथ सैकंडरी की शिक्षा की हासिल की। बाद में उसकी रूचि देखते हुए उसे ब्यूटी पार्लर का डिप्लोमा करवाया गया। आज 20 वर्षीय राधा ब्यूटीशियन है।



**पैरेंट्स की मौत के बाद बड़ी बहनों ने भी छोड़ा, अब पढ़ाती है गीता**

करीब 15 साल पहले आठ साल की गीता के माता–पिता की मौत हुई तो कुछ समय बड़ी बहनो ने देखभाल की। बाद में उनकी भी शादी हो गई तो गीता को यहां छोड़ दिया। 23 वर्षीय गीता ने यहां रहकर बी.कॉम. किया। यहां उसने छोटे भाई–बहनों को पढ़ाने के साथ ही घर के सारे काम भी सीखे।

पढ़ी–लिखी और संयुक्त परिवार की बेटी गीता है यही पसंद : हाउससिंग बोर्ड निवासी व्यवसायी कमलेश पमनानी कहते कि मुझे और मां को एजुकेटेड के साथ ही संस्कारवान लड़की चाहिए थी। गीता से मिले तो उसमें दोनो गुणों का एकदम परफेक्ट कॉम्बिनेशन दिखा।

ज्ञात रहे इस संस्थान की स्थापना माली सैनी समाज गौरव कर्मयोगी स्वर्गीय श्री भगवान सिंह परिहार ने की थी तथा उन्होंने पूरा जीवन समाज से परिष्कृत बच्चों को न केवल अपनाया बल्कि उन्हें पाल पोश के बड़ा किया उन्हें पिता का नाम दिया व उच्च शिक्षा के साथ ही पारिवारिक संस्कारों के साथ जीवन जीने के संस्कार दिये है। अब आदरणीय बाऊजी की बाद उनके सुपुत्र श्री राजेन्द्र सिंह परिहार उनके कार्यो को बखूबी अंजाम दे रहे है तथा वहां रहने वाले सैकड़ों बच्चों को बाऊजी की कमी नहीं खलने देते है। धन्य है हमारा समाज जिसमें ऐसे महामानव ने जन्म लिया है जो मानव सेवा के कार्यो के नये आयाम स्थापित कर हमें गौरवान्वित कर रहे है।

माली सैनी संदेश परिवार आप सभी से निवेदन करता है कि जब भी आप जोधपुर आए एकबार लवकुश एवं आस्था में सेवाकार्य को देखने अवश्य पधारें।

# पालिका में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सैनी ने समाज को दी 50 लाख रुपए की जमीन



फतेहपुर। नगरपालिका में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कस्बे के निवासी ओमप्रकाश सैनी आनंद ने सैनी समाज को करीब 50 लाख रुपए की अपनी दो बीघा जमीन समाज के कार्यो के लिए दी है। आचार्य रामगोपाल शास्त्री ने बताया कि आनंद ही आनंद बालाजी मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश सैनी ने अपने पिता की स्मृति में अपने पुश्तैनी खेत से दो बीघा जमीन सैनी समाज को भवन व गेस्ट हाउस बनाने के लिए दान में दी है। सोमवार रात्रि आनंद बालाजी मंदिर में हुए समारोह में सैनी ने रजिस्टर्ड गिफ्ट डीडी महात्मा ज्योतिराव फुले संस्थान फतेहपुर के अध्यक्ष दीनदयाल भभेवा, मंत्री मोतीलाल पापटान को दिया।

इस अवसर पर प्रहलाद बागड़ी, बुधरमल गढ़वाल, पार्षद चंडीलाल, भोलाराम बागड़ी, सत्यनारायण कटारिया, विनोद कटारिया, बाबूलाल पंवार सहित सैनी समाज के अनेक लोग मौजूद थे। इस अवसर पर जुगलकिशोर सैनी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सैनी समाज द्वारा दानदाता ओमप्रकाश सैनी आनंद का सम्मान किया गया।

माली सैनी संदेश परिवार श्री ओमप्रकाश सैनी का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# खड़ी सप्ताह का समापन समारोह

जोधपुर। मगरा पूँजला स्थित ठाकुर जी मंदिर में सात दिवसीय खड़ी सप्ताह का समापन समारोंह हुआ। सात दिवसीय खड़ी सप्ताह के आयोजन पर शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा चार थम्बा स्थित ठाकुरजी मंदिर से रवाना होकर बावड़ी बेरा, रावला, हिराल, खेड़ीवाल, भादरवा माता का थान, बलदेव नगर, बापुनगर, चतुरावता बेरा देवड़ा मार्केट, किर्ती नगर, रामसागर से होती हुई चार थम्बा ठाकुर जी मंदिर पर समापन हुई। शोभायात्रा पर जगह–जगह गुलाल व पुष्प वर्षा का आयोजन तथा भक्तजनों के लिए जल–पान की व्यवस्था रखी गई, जिसमें हीरालाल जी गहलोत, हरिसिंह जी गहलोत (चौधरी) किशनजी देवड़ा, दौलसिंह जी देवड़ा, सोहन जी, हेमसिंह जी, ब्रहमसिंह जी, जगदीश जी देवड़ा, रमेश, मुकेश, शंकर, सुरेश, विशाल, श्रीमती निर्मला जी देवड़ा आदि महानुभवों ने अपना योगदान दिया।





सम्मान समारोह में सैनी समाज की सवा सौ प्रतिभाएं सम्मानित

# एकजुटता के साथ आगे बढ़े समाज के युवा



लक्ष्मणगढ़। सैनी समाज की और से संतरा देवी बागड़ी स्मृति में मंगलवार को कस्बे के सैनी भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने युवाओं से एकजूटता व सकाग्रता के साथ आगे बढ़ने का आहान किया। वक्ताओं ने कहा कि आज समाज व देश को युवाओं की जरूरत है, इसलिये युवाओं के लिए यह आवश्यक है के वे नकारात्मक बातों से ऊपर उठकर देशहित के लिए कार्य करे।

प्रवासी उद्योगपति अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रांतीय उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, इंजीनियर एन सी पंवार, समाजसेवी रामगोपाल सैनी, नरेन्द्र सैनी, महेन्द्र शास्त्री, गंगावश सैनी, सत्यनारायण सैनी, फतेहपुर भाजना, मंडल अध्यक्ष रामनिवास सैनी, सहायक अभियंता सत्यनारायण सैनी, सैनी समाज के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया तथा महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के अध्यक्ष पूरण मल राकसिया ने संबोधित किया।

आरंभ में कार्यक्रम संयोजक रतन लाल भभैवा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की जबकि सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष विनोद सैनी ने स्वागत भाषण व अतिथि परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र चूनवाल ने किया जबकि बाबूलाल सैनी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इनको मिला सम्मान

कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं, बोर्ड परीक्षाओं सहित सरकारी सेवा में चयनित होने वाली समाज की सवा सौ प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज के लिए विशेष कार्य करने वाले रामगोपाल राकसिया व राधेश्याम टांक को समाज रत्न सम्मान से नवाजा गया, जबकि पौधारोपण व प्रकृति संरक्षण में विशेष कार्य करने वाले कैलाश चन्द्र टाक को पर्यावरण सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा गंगोत्री से कावड़ लाने वाले समाज के तीन युवकों का भी विशेष सम्मान किया गया।

इस मौके पर महेश बागड़ी, प्रेमप्रकाश बागड़ी, दीनदयाल बागड़ी, जगदीश बागड़ी, राजकुमार भादरा, चन्द्रमोहन चूरू एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, जयप्रकाश सैनी, सज्जन सैनी, मुकेश सुईवाल, झाबर मल सिंगोदिया, सज्जन बबेरवाल, जगदीश भभैवा, राम स्वरूप पीटीआई, घनश्याम गौड़, विनोद मिटावा, सुशील चुनवाल, ओमप्रकाश टाक, मुकेश टाक, कालूराम गौड़, रामावतार विश्नोलिया, प्रबंधक अनिल राकसिया, बुद्धि प्रकाश अलखपुरा, केशर देव भाटी सहित बडी तादाद में समाज बंधु उपस्थित थे।

'अनुकरणीय पहल' सैनी ऑफिसियल,अलवर के द्वारा

# 'करियर गाइडेंस सेमिनार का हुआ भव्य आयोजन'






अलवर। आज दिनांक 18 जून 2017 को भवानी तोप सर्किल पर सैनी ऑफिसियल, अलवर व ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के तत्त्वावधान में सैनी समाज अलवर के युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए 'करियर गाइडेंस सेमिनार' का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में श्रीमती कुसुम सैनी (राजस्थान प्रशासनिक सेवा) ने उपस्थित युवाओं को IAS/RAS के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। मार्गदर्शन प्रस्तुति के उपरांत प्रश्नोत्तरी सत्र रखा गया, जिसमें युवक/युवतियों ने खुलकर सवाल-जवाब किए। श्रीमती कुसुम सैनी को ऐसे सवालों का जवाब देते हुए बेहद संतुष्टि का अनुभव हुआ।

इनके अतिरिक्त सेमिनार में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में इंजि. विनीत गहलोत (असिस्टेंट प्रोफेसर, जोधपुर), पॉलिटेक्निक क्षेत्र से श्री संजय सैनी (प्रिंसिपल, करौली), औद्योगिक प्रशिक्षण क्षेत्र में श्री कैलाश सैनी (से.नि. प्रिंसिपल, मचाडी), मेडिकल के क्षेत्र में डॉ. शिव कुमार सैनी (सफदरजंग हॉस्पिटल, दिल्ली), डॉ. कैलाश सैनी (सवाई मानसिंह हॉस्पिटल, जयपुर), पैरामेडिकल क्षेत्र से श्री भारत सैनी (असिस्टेंट प्रोफेसर, नर्सिंग कॉलेज, अलवर, श्री मनोज सैनी (लैब टेक्नीशियन, सवाई मानसिंह हॉस्पिटल, जयपुर), कॉमर्स क्षेत्र से श्री सत्येन्द्र सैनी (चार्टर्ड अकाउंटेंट,अजमेर), सेना भर्ती क्षेत्र से श्री ओ. पी. सैनी (निदेशक टर्निंग पॉइंट डिफेंस एकेडमी, जयपुर), एसएससी भर्ती परीक्षा से श्री हुकम चन्द सैनी, शिक्षक भर्ती परीक्षा से श्री राजीव सैनी व श्री दशरथ सैनी, रेलवे भर्ती परीक्षा से श्री रामदयाल सैनी (सीनियर लोको इन्स्पेक्टर, दिल्ली), उच्च अध्ययन गणित क्षेत्र से श्री बिल्लू राम सैनी (असिस्टेन्ट प्रोफेसर,अलवर) ने प्रतिभागी युवक/युवतियों का चमत्कारिक रूप से मार्गदर्शन किया।

इसी बीच दर्शक दीर्घा में उपस्थित बंधुओं ने इस कार्यक्रम की सख्त आवश्यकता बताते हुए सैनी ऑफिसियल,अलवर व श्री बाबूलाल झारिया (जिलाअध्यक्ष) से निवेदन किया कि ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी आयोजित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आगंतुक अतिथियों व उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद अदा करते हुए कार्यक्रम संयोजकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उपस्थित गाइडेन्स पैनल व संगठन के कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए 'प्रशस्ति पत्र' भेंट किया गया।

**'सैनी ऑफिसियल,अलवर जिला स्तर पर निः शुल्क प्रतियोगिता प्रशिक्षण संस्थान शुरू करने के लिए प्रयासरत है तथा भयंकर विघ्नों को पार करते हुए भी इस कार्य को भी अंजाम देने के लिए कृतसकंल्पित है।'**






सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह

# संगठित रहकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है – राजकुमार सैनी

नई दिल्ली। सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं चौधरी जयभगवान सैनी द्वारा दीप जलाकर किया गया ! ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के दिल्ली प्रदेश के युवा अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सैनी द्वारा समाज की पहचान का प्रतीक समाज का झंडा फहराकर सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया सम्मेलन में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के संस्थापक चौधरी चुन्नीलाल जी सैनी रिटायर्ड ACP के ८८वें जन्मदिन पर अट्ठासी किलो का हलवे का केक काटकर उन्हें सम्मान पूर्वक सैनी समाज के सिरमौर एवं कुरुक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद चौधरी राजकुमार सैनी द्वारा समाज रत्न का स्मृति चिन्ह, शाल एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।



चौधरी चुन्नीलाल सैनी जी ने अस्वस्थ होते हुए भी ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 4 घंटे का समय समाज को दिया एवं उपस्थित अपार जनसमूह को देख कर बहुत खुश हुए बाद में उन्होंने लोगों में सरल हवन विधि की किताब है एवं चॉकलेट व टॉफियां बांटी उसके उपरांत कार्यक्रम में पधारे अधिकारीगण व समाज के सभी प्रदेशों से पधारे हुए बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवी महानुभावों को भी फूल माला पहनाकर, शाल पहनाकर एवं समाज रत्न, समाज गौरव तथा समाजसेवी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य में ही वर्ष2017 में 12 वीं एवं दसवीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया !



सैनी भवन मंगोलपुरी दिल्ली के आज तक के इतिहास में इतना जनसैलाब कभी नहीं उमड़ा जितना इस कार्यक्रम में उमड़ा जबकि गुरु पूर्णिमा का पर्व होने के कारण लगभग 500 लोग इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए किंतु फिर भी इतना इतना जन समूह उपस्थित था कि सैनी भवन का प्रांगण छोटा पड़ रहा था जिसे देखकर कार्यकर्ताओं एवं स्टेज पर मौजूद माननीय अतिथियों का उत्साह देखते बनता था। जबकि कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र भी समयाभाव के कारण सिर्फ WhatsApp पर ही दिए गए थे। आयोजक स्टेज पर उपस्थित 40 महानुभावों में से भी कुछ अतिथियों को अपने विचार प्रकट करने तक का समय नहीं दे पाया, सैकड़ों की लिस्ट में से सिर्फ कुछ ही अतिथियों को ही जन समूह को संबोधित करने का समय दे पाए जिनको समय नहीं मिल सका उनसे हम क्षमा प्रार्थी हैं। कार्यक्रम के मध्य में ही सम्मानित मंच पर उपस्थित महानुभावों द्वारा समाज के दो समाचार पत्रों 'बदलाव की दुनिया' तथा 'शिक्षा इशारा' का विमोचन भी किया गया।



माननीय सांसद चौधरी श्री राजकुमार सैनी द्वारा दिया गया जोश भरा भाषण समाज को झकझोर देने वाला था उन्होंने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने को कहा उन्होंने कहा कि संगठन मैं बहुत शक्ति होती है संगठित रहकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है जिसे सुनकर लोगों ने ऊंचे स्वर में एक साथ 'राजकुमार सैनी जिंदाबाद, राजकुमार सैनी जिंदाबाद' के नारे लगाए। समारोह के अंत में पंजाब से पधारे समाज के प्रतिनिधियों ने ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष चौधरी इंद्राज सिंह सैनी का सरोपा व तलवार प्रदान कर फूल माला पहनाकर सम्मान किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु किए गए सभी इंतजामों की दिल से सराहना की। कार्यक्रम में पधारे अधिकारियों ने भी ट्रस्ट की सैनी भवन की जमीन का लैंड यूज बदलवाने एवं बाहर से आने वाले सामाजिक भाइयों ने ट्रस्ट का सी एल यू बदलने के साथ भवन निर्माण हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के महासचिव एडवोकेट रमेश सैनी द्वारा जज बनाने हेतु दो बच्चों को अडप्ट किया गया साथ ही कार्यक्रम के सफलतापूर्वक मंच संचालक की भूमिका निभाई एक बार पुन: सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं समाज जनों का हृदय से आभार प्रकट किया तथा सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के महाकुंभ में भारत के सभी प्रदेशों से पधारे सभी महानुभावों का समस्त ट्रस्ट कार्यकारिणी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया जो इस समारोह में हजारों की संख्या में भागीदार बने।

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) का दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्रवास कार्यक्रम जयपुर में संपन्न

# सभी संगठनों को एकजुट होना आज आवश्यक – श्री दिलबाग सैनी






जयपुर। दिनांक 16 जुलाई से ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) का दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्रवास कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारियों व समाजसेवियों सहित समाज के कई अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी संगठनों ने ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) के साथ मिलकर कार्य विस्तारण व राजनैतिक मुद्दों पर समाज की एकजुटता हेतु आपस मे मिलकर आगे बढ़ने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह ,संरक्षक श्री पाल सैनी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी, राष्ट्रीय महासचिव सुमन सैनी,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल सैनी आदि ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने कहा कि ने कहा कि सैनी समाज के विकास और उत्थान के लिए सभी संगठनों को एकजुट होकर एक मंच पर आना होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम संगठन द्वारा पूरे देश भर में चलाया जा रहा है अब तक प्रवास कार्यक्रम उत्तराखंड से शुरू कर जयपुर राजस्थान में आयोजित किया जा रहा है आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित देशभर में आयोजित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक श्री पाल सैनी ने कहा कि समाज को शिक्षा के स्तर पर ध्यान देते हुए आगे बढ़ना होगा ताकि आने वाले भविष्य में सैनी समाज विकसित होकर तरक्की कर सके।

राष्ट्रीय महासचिव सुमन सैनी ने कहा कि सैनी समाज के विभिन्न संगठनों को समाज हित में एक होकर काम करना पड़ेगा। संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की भागीदारी भी आवश्यक है समाज के बुजुर्गो के नेतृत्व में हमेशा काम करते रहेंगे। जयपुर जिला अध्यक्षा श्रीमती ललिता संजीव महरवाल ने महिलाओं को भी समाजिक कार्यक्रमों में घर से बाहर आने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन के पुर्वी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष राम सिंह सैनी, पश्चिमी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सेवाराम दगदी, प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया, राजेश घटावाल सैनी, प्रदेश सचिव किशोरी लाल सैनी चाकसू, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभाती लाल सैनी चोमू , प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी (महिला प्रकोष्ठ), जयपुर जिलाध्यक्ष एडवोकेट ललीता महरवाल, शंकर लाल सैनी बॉक्सर, सुरेश सैनी जयपुर, एडवोकेट शालू सैनी , डॉक्टर हरदेवी सैनी, प्रवक्ता कमलेश सैनी, राधेश्याम सैनी, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेश अध्यक्ष किशोर सिंह टांक राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी सरंक्षक बिरदी चन्द सिंगोदिया, उपाध्यक्ष ओम राजोरिया, महामंत्री राजेन्द्र मावर, जिला अध्यक्ष रमेश चन्द फार्मेवाला, जीतेन्द्र अजमेरा उर्फ कान्हा, एडवोकेट रामनिवास सैनी, एडवोकेट पी.एन.सैनी, धन्नाराम गहलोत, किशनाराम गहलोत, राम प्रसाद सैनी जयपुर सहित राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम ,सैनी पोलिटिकिल ग्रुप सहित कई सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी सदस्य व सामाज सेवी कार्यक्रम में मौजूद रहे। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) द्वारा सियाराम पैराडाईज मेट्रो स्टेशन के पास न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर जयपुर मे आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्रवास कार्यक्रम समारोह में द्वितीय सत्र मे महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये प्रदेश संगठन में एडवोकेट निर्मला सैनी जयपुर को प्रदेश सलाहकार के पद पर प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी व राष्ट्रीय पदाधिकारियो की सहमति से नियुक्ति प्रदान की ।

नवनियुक्त प्रदेश सलाहकार एडवोकेट निर्मला सैनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी व प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी ने गुलदस्ता भेट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजकुमार सैनी,राष्ट्रीय महासचिव सुमन सैनी ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, राष्ट्रीय महासचिव ताराचन्द गहलोत ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज मल सैनी व संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी सहित संगठन के पूर्वी , पश्चमी राजस्थान के पदाधिकारियो सहित महिला ,युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व समाज सेवी ने बधाई एवं शुभकामनाये दी।



## सभी माली सैनी समाज गौरव को

# हार्दिक बधाई



### शेखावाटी गौरव शीतल सैनी के एक्साईज इंस्पेक्टर बनी।

गांव की इस लाड़ली शीतल सैनी पुत्री श्री किशोरी लाल जी सैनी ने एक्साईज इन्स्पेक्टर के पद का कार्यभार ग्रहण किया है इस अवसर पर समस्त बडागांव वासियों को इस बिटिया की उपलब्धि पर नाज करते हुए कहा कि बेटियां भी बेटों से कम नहीं है अपितु बेटों से कही बढ़कर है। यह कहावत आज चरितार्थ कर रही है शीतल जिसने अपनी काबिलियत के दम से यह पद हासिल किया है। शीतल पर आज पूरे गांव को गर्व है ।

शीतल के माता- पिता ने शीतल को प्यार के साथ साथ अच्छी तालीम दी तो वह भी कड़ी मेहनत व काबिलियत से पूरे समाज को गौरवान्वित किया हैं । माली सैनी संदेश परिवार आप सभी से अपील और निवेदन करता है उन समस्त माता पिताओं से जिनके बेटी है आप उसकी अच्छी परवरिश के साथ-साथ उसे अच्छी शिक्षा दें ताकि वह अपनी काबिलियत से पूरे परिवार और अपने समाज का नाम रौशन कर सके। समाज की बेटियों में हुनर व काबिलियत, उनमें जज्बा है आगे बढ़ने अचीवमेंट हासिल करने का।

### समाज के युवा जाबांज सुरेन्द्र सैनी को असम में राज्यपाल स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित

**किया गया सम्मानित** : श्रीमाधोपुर। चिराना कस्बे के असम रायफल्स मे रायफल मेन के पद पर तैनात सुरेन्द्र सैनी को बहादुरी पुर्वक बेहतर सेवा देने पर असम व मेघालय के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने शिलोंग मे हुए कार्यक्रम के दौरान स्वर्ण पदक से नवाज कर सम्मानित किया है। राज्यपाल ने सुरेन्द्र सैनी को यह सम्मान असम रायफल्स के अलंकरण समारोह के दौरान दिया। जिले के बागोरिया की ढ़ाणी पंचायत के डेहरा वाली ढ़ाणी के रहने वाले फूलचंद सैनी के पुत्र सुरेन्द्र सैनी ने 2004 मे असम रायफल्स मे चयन हुआ था । जिसके बाद कर्तव्यनिष्ठ कार्यदक्षता के कारण गुरूवार को राज्यपाल के द्वारा स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इस समारोह मे मिलिट्री के सिविल तथा प्रतिष्ठित पदाधिकारी मौजुद रहे । माली सैनी संदेश के साथ ही कस्बे मे सभी ने सैनी के परिवार को सफलता अर्जित करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सफलता से कस्बे के अन्य जवानों को भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।




### भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित हुए सांखला बंधु

: श्री संतोषसिंह सांखला श्री दलपत सिंह सांखला पुत्र श्री मुन्निलाल उर्फ श्री मोहन सिंह निवासी सुथारों का बास, मगरा पूंजला, जोधपुर को शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग कर शिक्षा वयवस्था में अपना उतकृष्ठ योगदान करने पर विभाग द्वारा जयपुर में राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में दिनांक 28 जून 2017 को वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित किये जाने पर बहुत बहुत बधाईयाँ एवं शुभकामनाएँ।



### दीपक सैनी ने बनाया राष्ट्रीय रिकार्ड

**राष्ट्रीय रिकार्ड** : हरियाणा के अम्बाला के शाहपुर के रहने वाले इंटरनेशनल पैरा शूटर दीपक सैनी ने 400 में से 400 निशाने टारगेट पर लगाकर बनाया नेशनल रिकॉर्ड।

अब दीपक सैनी साउथ कोरिया में वर्ल्ड चैंपियनशिप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व नेशनल चैंपियन दीपक सैनी को माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की मंगल कामना ।



**माली समाज के लाडले माननीय शत्रुध्न जी माली के डीवाई एस पी ( ACB ) बन समाज को किया गौरवान्वित।**




**साउथ अफ्रीका क्रिकेट दौरे पर जा रही भारतीय ए टीम में खेलेगा करनाल हरियाणा का क्रिकेटर नवदीप सैनी।**




**माली समाज गौरव आरती सैनी को कृषि रिसर्च अधिकारी बनने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।**

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू (पं.समिति सदस्य) सुपुत्री श्री ढूलाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल पुत्र(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमामराम गहलोत, तिंवरी
श्री लिखराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है**

डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु. 400/-** | **पांच वर्ष रु. 900/-** | **आजीवन रु. 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, **9828247868**
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज जयंति पर जोधपुर में आयोजित प्रथम शोभायात्रा की झलकियां

















Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19









*Your Personal Home Maker*

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

*Vineet Gehlot*

shrigehlothandloom@gmail.com

**GEHLOT HANDLOOM**

EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING

PARKING FACILITY AVAILABLE

**130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198**

स्वत्वाधिकारी संपादक/मालिक/प्रकाशक/मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर -7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर ( राजस्थान ) से प्रकाशित।
फोन : 94144 75464, हेल्प लाईन : 9828247868
ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR